हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, गुरुवार, 24 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 34 .0 डिग्री
न्यूनतम 28 .0 डिग्री

12 बम-बम भोले व हर-हर महादेव से उद्घोष से गूंजा शिवालय



12 रॉयल स्कूल में शिवरात्रि पर बच्चों ने दी भव्य प्रस्तुति



## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी काबू

**हांसी।** जिला भर में उद्घघोषित अपराधी, बेल जंपर के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी ढाणी महेंदा निवासी सुरेन्द्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार अदालत ने पकड़े गए आरोपी को चैक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था।

### पक्षियों के लिए घोंसले व जल पात्र वितरित किए

**हिसार।** गर्मी के दिनो में पक्षियों को पीने के पानी की दिक्कत होती है ऐसे में हिसार लायंस कलब हिसार सेंट्रल क्लब द्वारा विशेष पहल की गई है। बुधवार को शिवरात्रि के पावन अवसर सेक्टर 14 दुर्गा मंदिरों में लोगों को जलघर व पक्षियों के घोंसले वितरित किए है।

### कुलदीप बिश्नोई आज नलवा में करेंगे शिरकत

**हिसार।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई 24 जुलाई को नलवा हलका में अनेक सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। विधायक रणधीर पनिहार ने बताया कि रावतखेड़ा में प्राचीन श्री साथरी मंदिर में सावन वास की हरियाली अमावस्या पर आयोजित विशाल मेले में पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इसके उपरांत वे हलके में कई विकास कार्यों का शिलान्यास एवं उद्घाटन भी करेंगे।

### दिव्यांग केंद्र में निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर कल

**हिसार।** चौ. फतेहचंद व माता हरबंस कौर की स्मृति में दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में 25 जुलाई को निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि इस शिविर में आंखों के सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा फ्री किए जाएंगे।

### तिरुपति धाम में 27 को होगा झूला उत्सव

**हिसार।** आध्यात्मिक विचारधारा के पोषक श्री तिरुपति बालाजी धाम में माता गोदांबा उत्सव धूमधाम से जारी है। पूरे विधि विधान से प्रातः माता गोदांबा की पूजा-अर्चना की गई और सायंकाल नियमानुसार सवारी शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। माता गोदांबा उत्सव 28 जुलाई तक जारी रहेगा। तिरुपति धाम में 27 जुलाई के झूला उत्सव व संकीर्तन की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। 27 जुलाई को पूरे विधि विधान व हर्षोल्लास से झूला उत्सव की मनेगा। इस दौरान भजन रस प्रवाहक भैया दिव्य दास जी और मंडली द्वारा संकीर्तन करके भगवान की आराधना की जाएगी।

# हिसार में बार-बार कटघरे में क्यों आ जाती है पुलिस

## अब हिरासत में हुई मौत से विवादों में आई

### तीन घंटे के बाद चौकी का ग्रामीणों ने खोला ताला, आरोप: कमरे में न पंखा, न रोशनदान, दम घुटने से हुई मौत बैरक में पंखे और कूलर लगे हुए हैं : पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार



**हिसार।** पुलिस चौकी में विलाप करते मृतक के परिजन, चौकी को ताला लगाने के बाद पुलिस पर गुस्सा निकालते मृतक के परिजन, चौकी गेट पर ताला लगाने के बाद हंगामा करते परिजन व ग्रामीण।

ऐसा लगता है कि हिसार पुलिस और विवाद का चोली दामन का साथ रहा है। दलित युवक की मौत का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि दूसरा विवाद सामने आ गया। मंगलवार की रात को पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया और उसे लॉकअप में डाल दिया। सुबह व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। हिरासत में हुई मौत के बाद पुलिस के हाथ-पांव फूल गए। लॉकअप में मारे गए व्यक्ति के परिजनों ने भी सुबह खूब हंगामा किया।

### पत्नी ने की थी मारपीट की शिकायत

बताया जा रहा है कि पुलिस मंगलवार रात को मृतक की पत्नी सुमित्रा निवासी मंगाली झारा की शिकायत पर उसे शराब के नशे में पकड़कर लाई थी और कमरे में बंद कर दिया था। उसकी पत्नी ने डायल 112 पर फोन करके मारपीट की शिकायत की थी, जिस पर मौके पर पहुंची टीम ने संजय को हिरासत में लेकर मंगाली पुलिस चौकी में छोड़ दिया था।

### सुबह मृत मिला संजय

जब पुलिसकर्मियों ने बुधवार सुबह देखा तो संजय मृत पड़ा था। उसकी मौत कब और कितने बजे हुई, किस वजह से हुई यह जांच का विषय है और उसके पोस्टमार्टम से ही स्पष्ट हो पाएगा। हवालात में मौत से पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया।

### एसपी व फोरेंसिंक टीम ने की जांच

हिरासत में मौत की सूचना तुरंत एसपी शशांक कुमार को दी गई। मामले का पता चलते ही पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन चौकी में पहुंचे और मुआयना किया। इसके बाद फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस ने संजय के शव को पोस्टमार्टम के लिए अग्रोहा मेडिकल भिजवाया है। पोस्टमार्टम से ही पता चलेगी मौत का कारण।

### बेटे ने लगाया लापरवाही का आरोप

मृतक के बेटे अमित ने कहा कि उसके पिता की मौत पुलिस की लापरवाही से हुई है। रात को जब उसके पिता को पुलिस ले गई तो वे ठीक हालत में थे। पुलिस ने इतनी गर्मी में उसे बिना पंखे वाले बैरक में रखा। रातभर उसे किसी ने नहीं संभाला। ऐसे में पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

### पुलिस ने दिया कोरा पर्चा, नहीं किए साइन

मृतक के बेटे अमित ने बताया कि मुझे सुबह छह बजे पता चला कि पिता संजय की मौत हो चुकी है। जब वह थाने पहुंचा तो बताया कि उसके पिता की मौत हो गई है। पुलिस ने एक पर्चा और कहा कि इस पर साइन कर दो। पर्चा देखा तो उस पर केवल इतना लिखा था कि मौत हो गई है। मैंने साइन नहीं किए। बेटे ने कहा कि इस पूरे मामले की जांच होनी चाहिए। पिता ने थोड़ी बहुत ही शराब पी थी। वह पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है। इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### शराब पीकर मारपीट कर रहा था : पत्नी

मृतक संजय की पत्नी सुमित्रा ने बताया कि उसके दो बच्चे हैं, जिनमें एक बेटा और एक बेटी है। मंगलवार की शाम को उसका पति संजय उससे शराब पीकर मारपीट कर रहा था। उस समय बेटा घर नहीं था। इसके बाद डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। बुधवार सुबह आठ बजे पुलिस की एक गाड़ी आई और कहने लगे कि आपके पति की तबीयत ज्यादा खराब है, जल्दी चलो। जब चौकी आकर देखा तो पति की मौत होचुकी थी।

### ग्रामीण भी हो गए एकत्रित, जड़ा ताला

इसकी सूचना मिलते ही गांव से बड़ी संख्या में ग्रामीण चौकी पर पहुंच गए। उन्होंने संजय की मौत के लिए पुलिस कर्मियों को जिम्मेवार बताया। इसके बाद उन्होंने कार्रवाई की मांग पर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन परिजन नहीं माने। उन्होंने हंगामा करते हुए चौकी के गेट पर ताला लगा दिया।

### बहन ने बताया पुलिस को जिम्मेदार

मृतक संजय की बहन सुमन भी चौकी में पहुंच गई। उसने कहा कि मुझे भाई की मौत के बारे में सुबह पता चला है। उसका भाई मजदूरी करता था। मंगलवार की रात को पत्नी और बच्चों ने फोन करके पुलिस को बुलाकर मेरे भाई को पकड़वाया था। उसने आरोप लगाया कि पुलिस की लापरवाही की वजह से ही उसके भाई की मौत हुई है। आरोपी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

### पुलिस नहीं रख सकती कस्टडी में : खोवाल

*वरिष्ठ अधिवक्ता लाल बहादुर खोवाल ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता के नए नियमों के तहत अब पुलिस किसी भी व्यक्ति को बिना नोटिस दिए कस्टडी में नहीं रख सकती। अगर किसी को हिरासत में लेना है, तो उसके लिए पहले से सूचना देना जरूरी है या फिर पुलिस रिकॉर्ड में इसकी एंट्री करनी होती है।*

### सीजेएम निगरानी में जांच

संजय कुमार के खिलाफ पहले भी कई शिकायतें आ चुकी थीं। इसकी पत्नी ने ही डायल 112 पर फोन किया और 318 ईआरवी इसे लेकर चौकी आई थी। पत्नी ने कहा था कि यह शराब पीता है और बच्चों को परेशान करता है। इसे एक रात थाने में ही रखा जाए। कोई संगीन अपराध घटित न हो इसके लिए यहां रखा गया था। सुबह पता चला कि इसकी मृत्यु हो गई। इसकी सूचना इलाका मजिस्ट्रेट को दी गई। बैरक में पंखे और कूलर लगे हुए हैं। पूरे मामले की जांच हिसार सीजेएम निगरानी में की जा रही है।

**-एएसआई राकेश कुमार, प्रभारी, मंगाली चौकी।**

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से कांवड़ लेकर आ रहे युवक की मौत

- माजरा प्याऊ के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हांसी



हांसी। राजन की फाइल फोटो

जींद हांसी रोड स्थित माजरा प्याऊ के समीप बुधवार सुबह करीब 7 बजे बाइक पर कावड़ लेकर आ रहे हांसी की कृष्णा कॉलोनी निवासी 19 वर्षीय राजन की अज्ञात वाहन द्वारा उसके बाइक को टक्कर मार दिए जाने के चलते मौत हो गई। बाइक को टक्कर मारने के बाद वाहन चालक अपने वाहन सहित मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने घायल राजन को उपचार के लिए हांसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया लेकिन राजन की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर कर दिया। जिस पर परिजन उसे हिसार के निजी अस्पताल में ले गए लेकिन वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलने पर पुलिस ने हिसार निजी अस्पताल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हिसार नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां पुलिस ने परिजनों के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने तथा गैर इरादतन हत्या की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप मामले की जांच आरंभ कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजन हरिद्वार से अपनी बाइक पर कावड़ लेकर हांसी आ रहा था। और जैसे ही उसकी बाइक माजरा प्याऊ के पास पहुंची तो पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह बाइक समेत उछल कर सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। आस-पास के लोगों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। बाइक को टक्कर मारने के बाद वाहन चालक अपने वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

### टक्कर मारने वाला वाहन भी कावड़ियों का

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार राजन की बाइक को टक्कर मारने वाला वाहन भी कावड़ियों का ही था। हालांकि बाइक को टक्कर लगने के बाद मची अफरा-तफरी में कोई वाहन का नंबर नोट नहीं कर पाया। पुलिस नारनौंद से हांसी रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फूटेज चैक कर टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

## जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग करवाएगा पेयजल व सीवरेज सर्वेक्षण

**हिसार।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, हिसार जिले में पेयजल एवं सीवरेज कनेक्शन की स्थिति का व्यापक सर्वेक्षण करवाने जा रहा है। यह कार्य एक्सपीरियंस लर्निंग प्रोग्राम के तहत माई भारत पोर्टल पर पंजीकृत स्वयंसेवकों के माध्यम से किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला सलाहकार विनोद कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा शहरी क्षेत्र हिसार, बरवाला, उकलाना और हांसी के साथ-साथ 307 ग्राम पंचायतों में यह अभियान चलाया जाएगा। जो भी युवा इस योजना के अंतर्गत स्वयंसेवक के रूप में कार्य करना चाहते हैं, वे माई भारत पोर्टल पर 28 जुलाई 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 1 से 4 अगस्त तक चयनित स्वयंसेवकों को विभागीय योजनाओं, पेयजल आपूर्ति प्रणाली, प्रयोगशालाओं, जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की गतिविधियों, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति आदि से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके पश्चात 5 अगस्त से 26 अगस्त तक स्वयंसेवक घर-घर जाकर पेयजल एवं सीवरेज कनेक्शन संबंधी सूचनाएं जुटाएंगे।

## शिवालय में गूंजे बम-बम के जयकारे



हिसार। शिव मंदिर में जलाभिषेक करतीं महिलाएं।

### गुजवि में यूएमसी कमेटी की बैठक 5 और 6 अगस्त को

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में यूएमसी कमेटी की बैठक 5 व 6 अगस्त को विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में होगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि सत्र मई 2025 में आयोजित विश्वविद्यालय के सम्बद्ध डिग्री महाविद्यालयों व यूटीडी परीक्षाओं के विद्यार्थियों की व्यक्तिगत सुनवाई के लिए यूएमसी कमेटी की बैठक 5 व 6 अगस्त 2025 को विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में होगी। प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि इसके अतिरिक्त इस बैठक में 21 मई को हुई यूएमसी कमेटी की बैठक में हुए निर्णय से असंतुष्ट जिन विद्यार्थियों ने आवेदन किया है, उन विद्यार्थियों के लिए भी इस बैठक में पुनर्विचार के लिए व्यक्तिगत सुनवाई होगी।

## सीईटी के लिए रोडवेज विभाग ने तैयार की विस्तृत परिवहन योजना

- दो दिनों में चार शिफ्ट में अन्य जिलों में जाने वाले 1 लाख 15 हजार 723 परीक्षार्थियों के लिए परिवहन की व्यवस्था की

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) के सफल आयोजन को लेकर रोडवेज विभाग की ओर से विस्तृत परिवहन योजना तैयार की गई है। यह योजना 26 व 27 जुलाई को होने वाली परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने और वापस लाने के लिए बनाई गई है। नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद सीईओ हरबीर सिंह व रोडवेज महाप्रबंधक राहुल मित्तल ने बताया कि दोनों दिनों में आयोजित चार शिफ्टों के लिए हिसार से अन्य जिलों में जाने वाले कुल 1 लाख 15 हजार 723 परीक्षार्थियों के लिए परिवहन की व्यवस्था की गई है। हर दिन लगभग 755 बसों की आवश्यकता होगी, जो विभिन्न स्थानों से परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाएंगी। हिसार, हांसी, बरवाला, अग्रोहा, आदमपुर, उकलाना, बालसमंद, खांडा खेड़ी, नारनौंद जैसे प्रमुख बस अड्डे से परीक्षार्थियों के लिए बसें रवाना होंगी। बाहर जाने वाले अभ्यार्थियों के लिए सुबह लगभग 4 बजे से बस सेवाएं आरंभ कर दी जाएंगी।

योजना के अनुसार बालसमंद से जींद (115 किमी), बालसमंद से भिवानी (103 किमी), आदमपुर से भिवानी (113 किमी), उकलाना से भिवानी (97 किमी), नारनौंद से फतेहाबाद (97 किमी) जैसे लम्बी दूरी के क्लस्टरों को भी शामिल किया गया है, ताकि दूर-दराज के परीक्षार्थियों को भी समय पर परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जा सके। परीक्षार्थियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित समय पर बस अड्डों पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

इसी प्रकार दूसरे जिलों से हिसार आने वाले उम्मीदवारों के लिए प्रत्येक शिफ्ट में 275 बसों के जरिए करीब 16 हजार 688, जबकि भिवानी से 2 बसों में 102 परीक्षार्थी लाए जाएंगे। इस तरह दोनों दिन कुल 277 बसों के माध्यम से लगभग 67 हजार 58 परीक्षार्थियों के हिसार पहुंचने की संभावना है। इसके अतिरिक्त हिसार जिले में 150 शटल बसों की सेवा 16 रूटों पर संचालित की जाएगी। ये शटल बसें पुलिस लाइन स्थित अस्थायी शटल बस स्टॉप से परीक्षा केंद्रों तक चलेंगी। इन बसों में हिसार से नलवा (35 किमी), हिसार से डोभी (30 किमी) और हिसार से भिवानी रोहिल्ला (23 किमी) जैसे क्षेत्रों तक परीक्षार्थियों को लाने-ले जाने का कार्य करेंगी।

## स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर पुलिस एक्शन

### चैकिंग के दौरान 6 स्कूल बसों के किए चालान

**हांसी।** ट्रैफिक व्यवस्था को दुरूस्त करने तथा स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को डीएसपी ट्रैफिक सिद्धार्थ व ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस की टीम ने विभिन्न स्कूल बसों की सुरक्षा मानकों, वाहन फिटनेस, ओवरलोडिंग, ड्राइवर के लाइसेंस, फर्स्ट एड बॉक्स, सीसीटीवी कैमरे, फायर एक्सटिंग्विशर व अन्य अनिवार्य व्यवस्थाओं की जांच की।

जांच के दौरान ट्रैफिक पुलिस को 6 स्कूल बसों में फिटनेस प्रमाण पत्र की अनुपस्थिति, सुरक्षा उपकरणों की कमी पाई गई। जिसके चलते सभी वाहनों के चालान किए गए तथा संबंधित स्कूल प्रबंधन को चेतावनी दी गई कि भविष्य में ऐसी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज इंस्पेक्टर ने श्री काली चौक पर स्कूल वाहन चालकों को नियमों के बारे में जानकारी दी।



हांसी। बस के अंदर लगे अग्नि शमन सिलेंडर की जांच करते डीएसपी।

### स्वंतत्रता सेनानी के आश्रितों के लिए दो प्रतिशत होरिजेंटल आरक्षण की मांग

**हिसार।** नेताजी सुभाष जन कल्याण संगठन ने चंडीगढ़ स्थित आवास पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान संगठन ने संगठन से जुड़ी अनेक मांगों का ज्ञापन उन्हें सौंपा। जिला हिसार के सदस्य जिला अध्यक्ष अंजनी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष विपिन मल्होत्रा, सदस्य हवा सिंह पानू, हरिओम और झज्जर, रोहतक, सिरसा, फतेहाबाद, सोनीपत जिले से स्वतंत्रता सेनानियों के उत्तराधिकारियों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर मांग उठाई। उन्होंने मांग की कि सुप्रीम कोर्ट से हुए स्वतंत्रता सेनानी के आश्रितों के लिए दो प्रतिशत होरिजेंटल आरक्षण को विधानसभा में पारित करके कानूनी रूप से लागू करवाने और एबीसीडी कैटेगिरी में भी कानूनी रूप से लागू किया जाए। इसके साथ ही स्वतंत्रता सेनानियों की प्रथम पीढ़ी को उत्तराखंड सरकार की तर्ज पर कुटुंब पेंशन देने की भी मांग प्रतिनिधिमंडल ने उठाई।

### बिना खाद फसलों पर पड़ रहा असर

## हांसी में यूरिया खाद के लिए लगी लंबी लाइनें

- सुबह से ही हांसी के इफको खाद बिक्री केंद्र के बाहर देखने में आया जहां यूरिया लेने के लिए केंद्र के बाहर किसानों की लंबी लाइनें लग गईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हांसी





हांसी। इफको खाद बिक्री केंद्र पर यूरिया खाद के लिए लाइन में लगे किसान

उपमंडल में यूरिया खाद के चलते किसानों को यहां वहां भटकना पड़ रहा है इसके अलावा खाद आने की सूचना पर खाद के लिए घंटों लाइन में लगने पर मजबूर होना पड़ रहा है। बावजूद इसके किसान को यूरिया खाद मिल जाएगी इस बात की कोई गारंटी नहीं है। ऐसा ही वाकया बुधवार सुबह से ही हांसी के इफको खाद बिक्री केंद्र के बाहर देखने में आया जहां यूरिया लेने के लिए केंद्र के बाहर किसानों की लंबी लाइनें लग गईं। अपने हाथ में आधार कार्ड लिए किसान कई घंटों तक इसी उम्मीद में खड़े रहे कि आज उन्हें खाद मिल जाएगी। लाइन में लगे कई किसानों ने बताया कि वे सुबह 7 बजे से लाइन में लगे हैं, लेकिन वितरण प्रक्रिया की धीमी गति और अनिश्चितता के चलते वे असमंजस में हैं। वहीं कुछ किसानों ने कम खाद आने पर खाली हाथ लौटने की आशंका भी जताई। लेकिन कुछ किसानों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें पहले से यह अंदेशा था कि शायद खाद नहीं मिलेगी, लेकिन फिर भी सुबह से लाइन में लगे हैं क्योंकि खेत की जरूरत बड़ी है। यूरिया खाद की कमी से पहले भी कई बार किसान प्रभावित हो चुके हैं और यदि समय पर समाधान नहीं हुआ, तो इसका सीधा असर उनकी फसलों पर पड़ेगा।

### सिर्फ 450 कट्टे आए : प्रभारी

इफको केंद्र प्रभारी आज्ञाराम ने बताया कि आज सिर्फ एक गाड़ी यूरिया खाद की आई है। जिसमें 450 कट्टे हैं। उन्होंने बताया कि उम्मीद है कि आज या कल शाम तक यूरिया खाद की एक और गाड़ी आ सकती है, जिससे और किसानों को राहत मिलेगी।



डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# बारिश के मौसम में जब बढ़े जोड़ों का दर्द



**मेरी उम्र 63 वर्ष है। बारिश का मौसम शुरू होने पर मेरे घुटनों में दर्द बढ़ जाता है, चलने में परेशानी होती है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-जगदीप, भोपाल**

आपने यह नहीं बताया कि क्या आपके घुटनों में हमेशा दर्द रहता है? आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि इस मौसम में दर्द बढ़ जाता है। अगर ऐसा है तो इसका कारण ढूंढना चाहिए। इस मौसम में धूप नहीं निकलती है। लगातार बारिश होने पर नमी रहती है, जिससे इस तरह की समस्या देखी जाती है। विटामिन डी और B12 की कमी से दर्द बढ़ सकता है। एक बार हड्डी रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। जांच करने के बाद ही इसका उपचार किया जा सकता है।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मेरे पेट के निचले हिस्से में दाईं तरफ अकसर दर्द होता रहता है। कभी-कभी यह दर्द बहुत तेज और असहनीय हो जाता है। कृपया बताएं क्या करूं?**

**-चेतन, बिलासपुर**

दर्द होने की कई वजहें हो सकती हैं। कभी स्टोन की वजह से तो कई बार इंफेक्शन भी दर्द का कारण बनता है, लेकिन बगैर जांच किए कुछ भी कहना मुश्किल है। इसलिए डॉक्टर से संपर्क कर सबसे पहले अल्ट्रासाउंड कराएं, जिससे दर्द का कारण पता चलेगा, इसके बाद ट्रीटमेंट किया जा सकेगा। बगैर जांच के कोई भी दवा ना खाएं, कई बार यह नुकसानदायक हो सकती है।

**मेरी उम्र 57 वर्ष है। जब भी मैं किसी भीड़-भाड़ वाली जगह पर जाता हूं, मुझे सांस लेने में तकलीफ होने लगती है। छींकें भी आने लगती हैं। ऐसा क्यों होता है और इस प्रॉब्लम से कैसे बचा जाए?**

**-कुलदीप, रायपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको डस्ट या धूल से एलर्जी हो सकती है। जब आप घर से बाहर निकलते हैं तो एलर्जन सक्रिय हो जाते हैं और इस वजह से छींक आने लगती है। इससे बचाव का एक ही तरीका है कि घर से बाहर निकलते हुए आप मास्क लगाएं, इससे आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी कमर और बैक बोन में अकड़न रहती है और हल्का-हल्का दर्द भी होता रहता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-आर्यन, महासमुंद**

आपने यह नहीं बताया कि आपका वर्क प्रोफाइल क्या है, क्योंकि आजकल युवाओं में इस तरह की समस्याएं अधिक देखने को मिलती हैं। इसकी वजह लंबी सिटिंग वाली जॉब और अनियमित लाइफस्टाइल है। इससे बचाव का एक ही तरीका है कि आप सुबह और शाम नियमित रूप में बैक की एक्सरसाइज करें। इसके अलावा कैल्शियम वाली डिशेज अधिक खाएं। साथ ही विटामिन डी और B12 की कमी होना आजकल शहर के लोगों में आम है। डॉक्टर की सलाह पर इसकी दवा भी ले सकते हैं।

**मेरी उम्र 56 वर्ष है। मैं जब भी सीढ़ियां चढ़ता-उतरता हूं मेरी सांस फूलने लगती है। जबकि प्लेन सरफेस पर चलने-फिरने से ऐसा नहीं होता। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-विनोद शंकर, कुरुक्षेत्र**

सांस फूलने की वजह कई बार कमजोरी हो सकती है तो कई बार दिल संबंधी बीमारी की वजह से ऐसी समस्या देखने को मिलती है। क्योंकि आपकी उम्र अधिक है, इसलिए आप लापरवाही ना बरतें। डॉक्टर से संपर्क कर पहले शरीर में खून की जांच कराएं, अगर वह नॉर्मल है तो आपको हृदयरोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए, वो ईको और टीएमटी जैसी कुछ हार्ट की जांच कराएंगे, जिससे समस्या का पता चल जाएगा और अगर कोई हार्ट की समस्या है तो इसका इलाज हो सकेगा। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

स्पेशल: वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे, 28 जुलाई

पाचन तंत्र के पावर हाउस यकृत (लिवर) से संबंधित खतरनाक बीमारी है हेपेटाइटिस। भारत समेत दुनिया भर के लोगों को दिनों-दिन यह बीमारी अपनी गिरफ्त में ले रही है। हालांकि आधुनिक मेडिकल साइंस में इसका ट्रीटमेंट पॉसिबल है। लेकिन आपको इसके कारणों, लक्षणों के साथ प्रिवेंशन के तरीकों के बारे में भी जरूर जानना चाहिए।

# लिवर का खतरनाक रोग हेपेटाइटिस पॉसिबल है ट्रीटमेंट-प्रिवेंशन है जरूरी








डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. रणधीर सूद
प्रेसिडेंट-गैस्ट्रोएंटरोलॉजी
मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी ग्लोबल हेपेटाइटिस रिपोर्ट 2024 के आंकड़ों के अनुसार, हेपेटाइटिस बी और सी के सर्वाधिक मामले चीन के बाद भारत में सामने आते हैं। भारत सरकार हेपेटाइटिस को लेकर गंभीर है, क्योंकि वह 28 जुलाई 2018 से राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम शुरू कर चुकी है। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य सन 2030 तक देश में वायरल हेपेटाइटिस को नियंत्रित कर इसका उन्मूलन करना है और इसके साथ ही हेपेटाइटिस के अन्य प्रकारों की रोकथाम करना भी है।

## हेपेटाइटिस के प्रकार

ऐसी सूजन, जो लिवर में संक्रमण के कारण होती है, उसे हेपेटाइटिस कहते हैं। हेपेटाइटिस वायरस के पांच प्रकार हैं- हेपिटाइटिस ए, बी, सी, डी और हेपेटाइटिस ई।

**हेपेटाइटिस ए:** इसका वायरस लिवर को दूषित पेयजल और अस्वच्छ खाद्य पदार्थों के जरिए संक्रमित करता है।

**हेपेटाइटिस बी और सी:** ये दोनों वायरस लिवर को गंभीर रूप से क्षति पहुंचाते हैं। हेपेटाइटिस बी और सी वायरस गलत तरीके से रक्त चढ़वाने, संक्रमित व्यक्ति द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुओं जैसे टूथब्रश और रेजर आदि के इस्तेमाल से अन्य स्वस्थ लोगों को भी संक्रमित कर सकता है। वहीं जो लोग नशे का इंजेक्शन लेते हैं या फिर असुरक्षित यौन संबंध स्थापित करते हैं, उनमें हेपेटाइटिस बी और सी होने का खतरा कहीं ज्यादा होता है।

**हेपेटाइटिस डी:** हेपेटाइटिस के इस प्रकार में लिवर में सूजन लंबे समय तक रहती है। ऐसी स्थिति में लापरवाही बरतने पर लिवर फेल्योर की समस्या उत्पन्न हो सकती है। आमतौर पर अगर कोई व्यक्ति हेपेटाइटिस बी और सी से ग्रस्त है, तो उसे हेपेटाइटिस डी होने का खतरा ज्यादा होता है।

**हेपेटाइटिस ई:** हेपेटाइटिस के इस प्रकार का वायरस भी दूषित और अस्वच्छ खाद्य-पेय पदार्थों के जरिए लिवर को संक्रमित करता है।



## प्रमुख लक्षण

हेपेटाइटिस का कोई भी प्रकार हो, लेकिन इन सभी के आमतौर पर लक्षण लगभग एक जैसे होते हैं। जैसे-भूख कम लगना। पेट में गैस बनना या दर्द होना। अकसर दस्त होना। जी मिचलाना और उल्टी होना। पीलिया होना। त्वचा, नाखूनों और आंखों में पीलापन। बुखार आना। वजन का धीरे-धीरे कम होना। शारीरिक श्रम के बगैर थकान महसूस करना। यूरिन का रंग गहरा पीला होना।

## इन बातों का रखें ध्यान

- बरसात के मौसम में वातावरण में नमी और गंदगी के ज्यादा बढ़ने से हेपेटाइटिस के वायरस तेजी से पनपते हैं। इसलिए बरसात में खान-पान की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए।
- रक्त चढ़ाने की प्रक्रिया स्वच्छ और जीवाणु रहित होनी चाहिए।
- फलों और सब्जियों के जरिए भी हेपेटाइटिस ई के वायरस शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। इसलिए आप जो भी फल और सब्जियां बाजार से लाएं, उन्हें अच्छी तरह से धोकर और पकाकर खाएं।
- किसी भी वस्तु को खाने से पहले हाथों को हैंड सेनिटाइजर, हैंड वॉश या एंटीबैक्टीरियल साबुन से साफ करें।
- हेपेटाइटिस बी मां से बच्चे में फैल सकता है और इसे टीकाकरण से रोका जा सकता है।
- स्टेराइल सिरिंज का इस्तेमाल करें। किसी भी स्थिति में इंजेक्शन की नीडल का इस्तेमाल एक बार से ज्यादा नहीं होना चाहिए। इसके लिए स्टेराइल सिरिंज का इस्तेमाल करें और फिर इसे इस्तेमाल के बाद फेंक दें। यदि दो लोगों के बीच सिरिंज का पुनः उपयोग किया जाता है, तो हेपेटाइटिस और एचआईवी जैसे रोगों के संचरण का खतरा बढ़ जाता है।
- किसी दूसरे व्यक्ति का ब्लेड या रेजर भी रक्त को संक्रमित कर हेपेटाइटिस और एचआईवी आदि के खतरे को बढ़ा सकता है।
- टैटू गुदवाते समय सजगता बरतें। टैटू गुदवाने वाले उपकरण की सुई स्टेरलाइज होनी चाहिए।

## डायग्नोसिस के तरीके

- 'आईजीएम' एंटीबॉडी टेस्ट से हेपेटाइटिस ए और ई का पता चलता है।
- हेपेटाइटिस बी वायरस का पता करने के लिए 'डीएनए' लेवेल टेस्ट।
- हेपेटाइटिस सी के लिए 'आरएनए' टेस्ट और जीनोटाइपिंग टेस्ट कराए जाते हैं।
- लिवर फंक्शन टेस्ट, सीबीसी, किडनी फंक्शन टेस्ट भी कराते हैं।

## ट्रीटमेंट के तरीके

**हेपेटाइटिस ए का इलाज:** अधिकतर मामलों में शरीर स्वतः सेल्फ रिकवरी करता है, लेकिन मरीज को डॉक्टर के परामर्श पर अमल करना चाहिए।

**हेपेटाइटिस बी का इलाज:** इस वायरस का संक्रमण क्रॉनिक इंफेक्शन में भी तब्दील हो सकता है और कुछ मामलों में यह समस्या जीवनपर्यंत जारी रह सकती है। अगर हेपेटाइटिस बी का संक्रमण 6 महीने से ज्यादा चलता है तो इसे क्रॉनिक हेपेटाइटिस बी कहा जाता है। इस संक्रमण के इलाज में डॉक्टर के परामर्श से इंजेक्शन और टैबलेट्स दी जाती हैं। हेपेटाइटिस बी लिवर कैंसर या फिर लिवर सिरोसिस का कारण बन सकता है।

**हेपेटाइटिस सी का इलाज:** नई दवाओं के उपलब्ध हो जाने से हेपेटाइटिस सी का इलाज अब संभव है। इन दवाओं की सफलता दर बहुत अच्छी है और इनके साइड इफेक्ट भी नगण्य हैं।

**हेपेटाइटिस डी का इलाज:** देश में हेपेटाइटिस डी के मामले बहुत कम पाए जाते हैं। हेपेटाइटिस डी के इलाज के लिए दवाएं उपलब्ध हैं।

**हेपेटाइटिस ई का इलाज:** चिकित्सा विज्ञान में हुई प्रगति के कारण अब हेपेटाइटिस ई का इलाज संभव है, लेकिन हेपेटाइटिस ई में गर्भवती महिलाओं को जोखिम ज्यादा रहता है।

## खान-पान पर दें ध्यान

हेपेटाइटिस को नियंत्रित करने में खान-पान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। लिवर को सशक्त बनाए रखने में चुकंदर, हरी पत्तेदार सब्जियां, मूली और ब्रोकली आदि विशेष रूप से लाभप्रद हैं। इसके अलावा खट्टे फल जैसे संतरा, मौसंबी, नीबू और नारंगी आदि भी हितकर हैं। इसके अलावा अत्यधिक चिकनाई या वसायुक्त आहार लिवर की सेहत के लिए नुकसानदेह हैं, इनसे बचें। जंक फूड्स से परहेज करें। प्रोसेस्ड फूड्स भी हानिप्रद हैं। आहार में साबुत अनाज को शामिल करें। दलिया, खिचड़ी और ओट्स विशेष रूप से लाभप्रद हैं। शराब लिवर की सबसे बड़ी शत्रु है। इससे दूर रहें। नमक का कम सेवन लाभप्रद है। खाद्य पदार्थों पर अलग से नमक न छिड़कें। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**

### हेपेटाइटिस से बचाव के उपाय




**हेपेटाइटिस ए और बी का टीका (वैक्सीन):** हेपेटाइटिस के इन दोनों प्रकारों का टीका उपलब्ध है, जिसके लगवाने से हेपेटाइटिस का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। इसके अलावा इन बातों पर भी दें ध्यान।

**स्वच्छ पेयजल:** फिल्टर, प्यूरीफायर या आर.ओ. का पानी ही पिएं। अगर यह सुविधा उपलब्ध नहीं है तो पानी को उबालकर और फिर इसे ठंडा कर पिएं, क्योंकि हेपेटाइटिस खासकर ए और ई के वायरस अशुद्ध पेयजल और दूषित खाद्य पदार्थों के जरिए शरीर में प्रवेश करते हैं।

**टेस्ट करवाएं:** हेपेटाइटिस का टेस्ट इस बीमारी की रोकथाम और प्रारंभिक स्तर पर इसके निदान (डायग्नोसिस) की सटीक विधि है। जब भी आप हेपेटाइटिस के कुछ लक्षण महसूस करें तो डॉक्टर से परामर्श लेकर परीक्षण करवाएं। ऐसा करने से किसी भी गंभीर बीमारी के जानलेवा होने का खतरा टल सकता है।

मेंटल हेल्थ

प्रो. (डॉ.) कोमल चावला
साइकोलॉजी-ब्रिटिश यूनिवर्सिटी, बहरीन

पिछले दिनों हुए एयर इंडिया प्लेन क्रैश के बाद से बहुत सारे लोग हवाई यात्रा से डरने लगे हैं। ऐसा एंग्जाइटी की वजह से होता है। इस मेंटल कंडीशन से उबरने के लिए आपको कुछ उपाय आजमाने चाहिए।

# एयरोप्लेन एंग्जाइटी उबरने के लिए आजमाएं ये कारगर उपाय

हाल में ही हुए अहमदाबाद एयरोप्लेन क्रैश के बाद से फ्लाइट में निश्चिंत होकर सफर करने वाले कई लोगों के मन में डर, चिंता और घबराहट होने लगी है। ऐसा एयरोप्लेन एंग्जाइटी की वजह से हो रहा है।

**एंग्जाइटी का कारण-प्रभाव:** असल में एंग्जाइटी एक सेकेंडरी इमोशनल रिएक्शन होता है। जब कभी हमें किसी चीज का डर होता है, तो उसकी वजह से हम तनावग्रस्त हो जाते हैं, उसके बारे में सोचना शुरू करते हैं और धीरे-धीरे पैनिक या घबरा जाते हैं। जहां तक एयरोप्लेन एंग्जाइटी का सवाल है- यह एयरोप्लेन से जुड़ी घबराहट, कमजोरी या बेवजह डर नहीं, बल्कि व्यक्ति के दिमाग का नए और अनजान माहौल में प्रतिक्रिया करने का तरीका है। एयरोप्लेन क्रैश की भयावह दुर्घटना और मीडिया के ओवर-एक्सपोजर की वजह से व्यक्ति का ब्रेन एयर ट्रैवल को खतरे के रूप में देखने लगता है और शरीर फाइटर फ्लाइट मोड में चला जाता है। बॉडी में कार्टिसोल और एड्रेनलिन हार्मोन रिलीज होने लगते हैं, जिससे व्यक्ति इंटरनल पैनिक या एंग्जाइटी महसूस करने लगता है। इसका व्यक्ति के दिलोदिमाग पर गहरा असर पड़ता है। वह गहरे दुख, विषाद और असुरक्षा की भावना का शिकार हो जाता है। उसे मेंटल-इमोशनल फॉलआउट का सामना करना पड़ता है। भले ही वह पर्सनल लेवल पर उस दुर्घटना का हिस्सा न रहा हो, लेकिन नित्य प्रति होने वाले मीडिया एक्सपोजर के चलते उस घटना से भावनात्मक रूप से जुड़ा होता है। कुछ लोगों में निराशा इतनी बढ़ जाती है कि वो एयरोप्लेन में ट्रैवल करने से डरने लगते हैं।



**क्या होते हैं लक्षण:** एयरोप्लेन एंग्जाइटी होने पर ट्रैवल कर रहे लोगों में कई तरह की व्यावहारिक असमानताएं दिखाई देने लगती हैं। जैसे- फ्लाइट के बारे में सोच कर हार्टबीट तेज होना, सांस फूलना या सांस लेने में तकलीफ होना, घबराहट होना, पसीना आना, यूरिन पास करने की फीलिंग बार-बार होना, नींद न आना। पैनिक की स्थिति में ब्रेन फॉग होना शुरू हो जाता है, व्यक्ति कोई निर्णय नहीं ले पाता।

**क्या हैं कारण:** एयरोप्लेन एंग्जाइटी बढ़ने के कई कारण हो सकते हैं-

- एयरोप्लेन क्रैश या एयरोप्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग की होने वाली घटनाएं सबसे बड़ा कारण हैं। इनसे जुड़ी खबरें देख-सुनकर या फिर दूसरों से बात करने पर व्यक्ति के ब्रेन में फीयर इमोशन एक्टिवेट हो जाता है और वह एंग्जाइटी का शिकार हो जाता है।
- दूसरे लोगों के एयर ट्रैवल के अनुभव सुनकर या न्यूज में देखी-सुनी एयरोप्लेन क्रैश दुर्घटनाओं की दुविधा बनी रहती है।

**कैसे करें हैंडल:** पॉजीटिव सोच रखकर और सचेत रहकर व्यक्ति अपनी एयर ट्रैवल एंग्जाइटी पर काबू पा सकता है।

- सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि ट्रैवल करने के लिए हवाई-यात्रा सबसे सुरक्षित और सुविधाजनक माध्यम है। एयरोप्लेन क्रैश दुर्घटनाओं की संभावना काफी कम होती है।
- जरूरी है कि अपने को समझाएं कि यह कोई वास्तविक डर नहीं एंग्जाइटी है।
- मीडिया के ओवर-एक्सपोजर से बचें।
- भगवान पर भरोसा रखें। पैनिक स्थिति में अपनी धार्मिक आस्था के मुताबिक मन ही मन भगवान को याद करें।
- ट्रैवलिंग में टाइम पास करने या रिलैक्स होने के लिए अपनी पसंदीदा किताब या मैगजीन लेकर जाएं। बोरियत से बचने के लिए सीट पर लगी स्क्रीन या फोन पर अपने पसंदीदा प्रोग्राम देखें, डिजिटल गेम्स खेलें, म्यूजिक सुनें। *

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**

# सुबह उठते ही दिखें ये लक्षण तो ये थायराइड के हो सकते हैं संकेत

**आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में थायराइड की समस्या आम हो गई है। थायराइड किसी को भी अपनी चपेट में ले सकता है। सबसे पहले यह जानना जरूरी है कि थायराइड क्या होता है। बता दें कि यह एक तितली के आकार की ग्रंथि होती है, जोकि हमारे गले के सामने वाले हिस्से में मौजूद होती है। यह ग्रंथि टी-3 और टी-4 नामक हार्मोन से बनती है। जोकि शरीर के कई कामों के लिए काफी जरूरी होता है। यह वजन, एनर्जी, मेटाबॉलिज्म, मूड, स्किन और बालों की सेहत के लिए भी जरूरी होती है।**

## दो तरह का होता है थायराइड

बता दें कि थायराइड दो तरह का होता है, जिसमें एक हार्मोन कम होने लगता है और दूसरा जिसमें हार्मोन जरूरत से ज्यादा बनने लगता है। ज्यादातर लोगों को कम हार्मोन बनने वाली शिकायत होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे लक्षण के बारे में बताने जा रहे हैं, जो सुबह सोकर उठने पर दिखाई देते हैं।

### सुबह आंख खुलते ही दिखते हैं लक्षण

रात भर सोने के बाद जब सुबह उठते हैं, तो आपको थकान महसूस होती है। तो आपको समझ जाना चाहिए कि आपको थायराइड घेर रहा है। शरीर के मेटाबॉलिज्म बनाने के प्रोसेस को थायराइड ग्रंथि को कंट्रोल करती है। जब यह ग्रंथि ठीक से काम नहीं करती है, तो शरीर में कुछ बदलाव आने लगता है। इसकी कमी से सुस्ती महसूस होती है।

### हार्मोन की कमी में बॉडी में होता है फ्लुएड रिटेंशन

जब शरीर में इस हार्मोन की कमी होती है, तो बॉडी में फ्लुएड रिटेंशन होने लगता है। जिस कारण सुबह सोकर उठने के दौरान आपका चेहरा सूजा हुआ लगता है और आंखें भरी लगती हैं। अगर आप खुद में यह बदलाव देख रही हैं, तो आपको फौरन डॉक्टर से मिलना चाहिए।

थायराइड हार्मोन की कमी शरीर के हर सेल को प्रभावित करने का काम करती है। फिर चाहे वह जोड़ हो, मांसपेशियां हो या फिर तंत्रिका तंत्र हो। थायराइड हार्मोन



की कमी होने से मांसपेशियों में ऊर्जा की सप्लाई घट जाती है। इससे मांसपेशियों में दर्द और अकड़न महसूस होती है और कई बार उंगलियों में दर्द या अकड़न भी हो सकती है। अगर सुबह सोकर उठते ही आपको लगता है कि दिल की धड़कन काफी तेज है, यह थायराइड हार्मोन के लेवल का बहुत ज्यादा होने का संकेत हो सकता है। इसे पैल्पिटेशन कहा जाता है। ऐसा हाइपरथायरायडिज्म में होता है।

### कुछ घरेलू उपाय

**लौकी:** थायराइड की बीमारी से निजात पाने के लिए रोज सुबह खाली पेट लौकी का जूस पिएं। इससे बीमारी से राहत मिलती है और बीमारी शांत होती है।

**हरा धनिया:** हरे धनिया के प्रयोग से थायराइड की बीमारी को ठीक किया जा सकता है। सबसे पहले इसे बारीक पीस लें और फ्रीर रोजाना एक ग्लास पानी में घोल कर इसे पिएं। इससे थायराइड की बीमारी धीरे-धीरे कन्ट्रोल होने लगता है।

**आयोडीन:** थायराइड से ग्रस्त मरीजों को आयोडीन युक्त आहार का सेवन ज्यादा मात्रा में करना चाहिए। इसका अच्छा स्रोत प्याज, लहसुन और टमाटर जैसी चीजें हैं।

**नारियल पानी:** यह भी थायराइड को नियंत्रित करने में बहुत सहायक होता है। यदि हर दिन संभव नहीं है तो कम से कम ऐसे मरीज को हर दूसरे दिन इसका सेवन करना चाहिए।

**हल्दी:** हल्दी में करक्यूमिन नामक तत्व पाए जाते हैं, जो थायराइड को कंट्रोल करने में मददगार साबित होते हैं। इसलिए हमेशा रात को सोने से पहले हल्दी वाला दूध पीना थायराइड मरीजों के लिए अच्छा होता है।

# डायबिटीज से भी हो सकती है इनफर्टिलिटी

अवेयरनेस




अब से कुछ दशक पहले तक डायबिटीज और बांझपन की समस्या ज्यादातर उम्र बढ़ने के बाद नजर आती थी। लेकिन अब 25-30 साल के युवाओं में भी ये प्रॉब्लम्स तेजी से बढ़ रही हैं। डायबिटीज, शरीर में हार्मोनल और मेटाबॉलिज्म सिस्टम को प्रभावित कर देती है, जिससे रिप्रोडक्शन में परेशानी होती है। यहां तक कि प्री-डायबिटीज या इंसुलिन रेजिस्टेंस भी यंगस्टर्स में रिप्रोडक्टिव हार्मोन और महिलाओं के पीरियड्स को प्रभावित कर सकता है। इस वजह से गर्भधारण करने में दिक्कत आती है।

**डायबिटीज और इसका प्रभाव:** दिल्ली एनसीआर स्थित मदरहुड हॉस्पिटल में फर्टिलिटी-आइवीएफ स्पेशलिस्ट **डॉ. वर्षा अग्रवाल** के अनुसार, 'डायबिटीज पुरुषों और महिलाओं दोनों की प्रजनन क्षमता को प्रभावित करता है। डायबिटीज से पुरुषों में स्पर्म काउंट कम होना, स्पर्म की क्वालिटी खराब होना और इरेक्शन की समस्या हो सकती है। महिलाओं में ओव्यूलेशन में दिक्कत, पीसीओएस का खतरा और अंडे की क्वालिटी में कमी आ सकती है। डायबिटीज कंट्रोल न हो तो गर्भपात और प्रीमैच्योर डिलीवरी का खतरा बढ़ जाता है।'

नई दिल्ली स्थित नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी में फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट **डॉ. संदीप तलवार** बताते हैं, 'हम अकसर देखते हैं कि 20 से 30 की उम्र के बीच कई युवा डायबिटीज से अनजान होते हैं और हार्मोनल असंतुलन और इनफर्टिलिटी की समस्याओं से ग्रस्त होते हैं। गलत खान-पान, नींद की कमी और तनाव से डायबिटीज और हार्मोनल समस्याएं बढ़ती हैं।' इस समस्या को कंट्रोल करने के बारे में **डॉ. वर्षा अग्रवाल** बताती हैं, 'सही खान-पान (जैसे हरी सब्जियां, दालें, मछली आदि), नियमित व्यायाम और ब्लड शुगर कंट्रोल से डायबिटीज और बांझपन को काफी हद तक कंट्रोल किया जा सकता है।' *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

खबर संक्षेप

### मोबाइल छीनने के आरोप में नाबालिग समेत दो धरे

**हांसी।** थाना बास पुलिस ने मोबाइल फोन छीनने वाले आरोपी उगालन निवासी सुमित को गिरफ्तार किया गया है। वहीं इस मामले में दूसरे बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। बास थाना में तैनात एएसआई सुशील कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने अपने बाल अपचारी दोस्त के साथ मिलकर 17 जुलाई को रात 9.30 बजे मोटरसाइकिल पर सवार होकर पर मोहल्ला रोड़ पर अपने फोन पर बात कर रहे मोहला निवासी विनय का मोबाइल फोन छिनकर भाग गए थे।

### आभूषण चोरी के मामले में नामजद गिरफ्तार

**बरवाला।** पुलिस ने आभूषण व नकदी चोरी के एक मामले में वार्ड नंबर 1 निवासी प्रवीण को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी उप निरीक्षक राजबीर सिंह ने बताया कि इस संबंध में बरवाला निवासी विद्या ने 4 जुलाई को शिकायत दर्ज कराई थी कि जब वह अपने परिवार सहित मजदूरी के लिए भिवानी गए हुए थे, तब उनके मकान का ताला तोड़कर घर से सोने-चांदी के आभूषण तथा तीन रुपये नकद चोरी कर लिए गए।

### सभी को आपसी तालमेल बनाए रखने की जरूरत

**हिसार।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष दलबीर किरमारा ने कहा है कि इस समय नागरिकों को आपसी समन्वय बनाए रखने की जरूरत है। पिछले कुछ समय से आपसी समन्वय के अभाव में जातीय लड़ाई, झगड़े व तनाव सुर्खियों में आ रहे हैं, जो न तो देश व प्रदेश के लिए फायदेमंद है और न ही हमारे भाइचारे के लिए। दलबीर किरमारा ने कहा कि एक समय था जब हर सभी लोग आपस में प्रेम प्यार व भाइचारे से रहते थे। हर बिरादरी व हर नागरिक एक-दूसरे के सुख—दुख में काम आता था लेकिन यह सब कम या समाप्त होता जा रहा है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण नागरिकों की व्यस्तता व कुछ राजनीतिक दलों द्वारा फैलाया जा रहा वैमनस्य जिम्मेवार है।

### बीज विकास निगम के कर्मचारियों ने दिया धरना

**टोहाना।** टोहाना में बीज विकास निगम के कर्मचारियों ने दो दिवसीय धरना प्रदर्शन किया है। कर्मचारियों का कहना है कि पंचकूला से गेहूं बीज की सफाई के लिए आवश्यक उपकरण अभी तक नहीं पहुंचे हैं। कर्मचारियों ने सरकार व प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। कर्मचारियों ने जल्द सुनवाई न करने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। कर्मचारी नेता कृष्ण कुमार ने बताया कि सरकार की ओर से सीपीएम से संबंधित सामान भी नहीं भेजा गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते यंत्र उपलब्ध नहीं कराए गए तो आने वाले समय में किसानों को बीज की उपलब्धता में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो किसानों को बीज संकट का सामना करना पड़ सकता है।

### सभी त्योहार एक-दूसरे को मिल-जुल कर मनाने चाहिए: मौसमी

# कर्म कल्याणी वेल्फेयर सोसायटी ने वर्षा की बूंदों और पानी के झूलों के बीच मनाया तीज उत्सव

संस्था की संस्थापिका मौसमी कर में बताया कि हमें सभी त्योहार मिल-जुल कर मनाने चाहिए और हमारी संस्कृति को कभी नहीं भूलना चाहिए



हिसार। तीज उत्सव मनाती कर्म कल्याणी वेल्फेयर सोसायटी की सदस्य।



हिसार। कार्यक्रम में हिस्सा लेती अध्यक्ष डॉ. गुंजन गोयल व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

कर्म कल्याणी वेल्फेयर सोसायटी ने अनोखे अंदाज में हरियाली तीज उत्सव मनाया। इस महोत्सव पर संस्था की सभी महिलाओं ने रंग-बिरंगे परिधानों से सजकर वर्षा की बूंदों और पानी के झूलों द्वारा उत्सव का स्वागत किया। सभी सदस्यों ने हरियाणवी गीतों पर और सावन के मदमस्त गीतों से ग्रीन वैली पार्क में खूब मौज मस्ती की और कार्यक्रम का पूरा आनंद उठाया। संस्था की संस्थापिका मौसमी कर में बताया कि हमें सभी त्योहार मिल-जुल कर मनाने चाहिए और हमारी संस्कृति को कभी नहीं भूलना चाहिए। तीज का त्योहार हरियाली और धार्मिक एकता का प्रतीक है जो हमें ऊर्जा और ताजगी प्रदान करता है।

### नारायणी वेलफेयर सोसायटी ने धूमधाम से मनाया सावन उत्सव

**हिसार।** नारायणी वेलफेयर सोसायटी द्वारा सावन मे महिलाओ और लड़कियों के लिए मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन एमसी कॉलोनी स्थित ज़ोरबा थियटर मे किया। संस्थापिका अध्यक्ष डॉ. गुंजन गोयल ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी सोसायटी द्वारा जरूरतमंद महिलाओं व लड़कियों को मेहंदी लगाने का प्रशिक्षण निशुल्क दिया गया है जिससे वे संस्था के कौशल विकास कार्यक्रम के तहत स्वरोजगार पा सके। डॉ. गोयल ने ज़ोरबा के चेयरमैन गुलशन भूटानी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ. कमल भाटिया, कमल अग्रवाल, डॉ. कविता, कीर्ति गोयल, मीनाक्षी, संगीता, ऋतु, नीतू, उमा, डिंपल, सीमा, जानकी, पुष्पा, उषा, संगीता गोयल आदि महिलाएं विशेष रूप से उपस्थित रही।




नारनौंद। बार एसोसिएशन के प्रधान ज्ञान प्रकाश महामंत्री बिजेंद्र लोहान को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## बार एसोसिएशन ने भाजपा महामंत्री को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

■ प्रधान पवन रापड़िया को अच्छे कार्यों के लिए दिया गया सम्मान

बार एसोसिएशन नारनौंद की तरफ से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा हांसी जिला महामंत्री बिजेंद्र लोहान, प्रमुख समाजसेवी मास्टर ऋषिकांत, जींद जिला के बार एसोसिएशन प्रधान विकास लोहान व हांसी बार एसोसिएशन के प्रधान पवन रापड़िया को अच्छे कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। नारनौंद बार एसोसिएशन के प्रधान ज्ञान प्रकाश ने जनकारी देते हुए बताया कि संगठन की तरफ से समय-समय पर अच्छे कार्य करने वाले लोगों को सम्मान दिया जाता है। इसी कड़ी में बुधवार को इन चार हस्तियों को सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर प्रधान ज्ञान प्रकाश, महासचिव सुनील पनिहार, अजय लोहान, कुलदीप भाटीवाल,पवन बडगुजर, संदीप लोहान, कृष्ण काजल, रविंद्र, नरेश श्योराण, जयबीर सैनी, अमनदीप ढांडा, चांदी राम इत्यादि विशेष तौर पर मौजूद थे।

# ट्रेड टावर के दुकानदारों का फूटा गुस्सा

■ आरोप : नगर परिषद ने शॉपिंग मॉल के सपने दिखाकर दुकानदारों को लूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। ट्रेड टावर के दुकानदार ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

ट्रेड टावर मार्केट के दुकानदारों ने ट्रेड टावर मार्केट में सुविधाएं देने के नाम पर नप सिरसा की ओर से दुकानदारों से की ठगी को लेकर अपना रोष जाहिर किया और भाजपा जिला सचिव बलजिंद्र जोसन को कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के नाम एक ज्ञापन सौंपा। दुकानदार रमेश कुमार, मनीष कुमार, गोल्ड मेहता, राजकुमार, रोहताश, जोगिंद्र कंबोज, राजेश कुमार, राजकुमार, पूजारानी, संदीप कुमार, चिक्की मेहता, रामकिशन, सतपाल सहित अन्य ने बताया कि हम समस्त ट्रेड टावर मार्केट दुकानदार नगर परिषद की ठगी का शिकार हैं। दुकानदारों ने बताया कि नप सिरसा ने वर्ष 2011-12 में एक शापिंग मॉल का नक्शा दिखाते हुए मनचाहे दामों पर यहां दुकानों की बोली करवा दी। नक्शे के अनुसार बेसमेंट में पार्किंग, पहली व दूसरी मंजिल पर बड़े-बड़े शोरूम, तृतीय मंजिल पर नगरपरिषद का कार्यालय बनाया जाना था। अब इस मार्किट के बहुत बुरे हालात हैं। न ही पानी, न ही सीवरेज व न ही यहां कोई सफाई व्यवस्था है। 2013-14 से ही सभी दुकानदारों ने बहुत बार नप के चक्कर लगाए और नप अधिकारियों से यहां ट्रेड टावर बनाने के लिए कहा, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। श्सभी दुकानदार किराया भी नियमित भरते रहे, लेकिन लगभग 6 साल के लंबे इंतजार के बाद जब निर्माण नहीं हुआ तो दुकानदारों ने नगर परिषद् व जिला प्रशासन को लिखित में पत्र देते हुए मजबूरन किराया बंद कर दिया। उन्होंने बताया कि ट्रेड टावर मार्केट के दुकानदारों ने नप व जिला प्रशासन सिरसा से बार-बार नक्शे अनुसार निर्माण करवाने का आग्रह किया गया।

### सड़क सुरक्षा को लेकर 40 वाहनों के काटे चालान

**फतेहाबाद।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में तथा सचिव कम सीजेएम गायत्री के दिशा निर्देशन में रोड रूल्स, लाइफ टूल्स अभियान के तहत एक श्रृंखला के रूप में विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन किया गया। जिला परिवहन अधिकारी एवं जिला परिवहन प्राधिकरण के सचिव संजय बिश्नोई ने बताया कि इस श्रृंखला में कमर्शियल लाइसेंस होल्डर को रोड रूल्स, लाइफ टूल्स के बारे में अवगत करवाया गया और इस कार्यवाही के दौरान लगभग 40 गाड़ियों के चालान काटे गए और जिनकी राशि लगभग 5 लाख रुपए है। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न स्कूलों में भी यह अभियान चलाया गया। और बच्चों को रोड रूल्स, लाइफ टूल्स के नियमों के बारे में अवगत करवाया गया और स्कूल बसों पर रिफ्लेक्टिव स्टीकर लगाई गई। इसके साथ-साथ कमर्शियल लाइसेंस होल्डर जैसे कि ऑटो रिक्शा चालक, मोटर, बाइक चालक व अन्य को उपरोक्त विषय बारे जानकारी दी गई।

# आयुष्मान भारत ऐप पर जबरन रजिस्ट्रेशन का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




रिटायर्ड कर्मचारी नेता बेगराज।

■ हरियाणा सरकार के कोष एवं लेखा विभाग के जारी नए आदेशों पर रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने जताया रोष

हरियाणा सरकार के कोष एवं लेखा विभाग द्वारा जारी नए आदेशों पर रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला फतेहाबाद ने कड़ा विरोध जताया है। इन आदेशों में सभी नियमित कर्मचारी, पेंशनर्स एवं उनके परिवारजनों को 31 जुलाई तक आयुष्मान भारत मोबाइल ऐप पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने हितधारक कर्मचारी एवं पेंशनर्स से बातचीत किए बिना एकतरफा तरीके से उक्त पत्र जारी करने की भी आलोचना की और 31 जुलाई से पहले संघ के शिष्टमंडल को बातचीत करने के लिए आमंत्रित करने की मांग की ताकि कर्मचारियों एवं पेंशनर्स में उत्पन्न हुई अनिश्चिता एवं बेचैनी दूर हो सकें। रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान भोला सिंह, सचिव बेगराज व वित्त सचिव रघुनाथ महत्ता ने इस आदेश की वैधता व उद्देश्य पर सवाल उठाते हुए महानिदेशक, कोष एवं लेखा विभाग, हरियाणा को एक पत्र भेजकर तत्काल कुछ बिंदुओं पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि पत्र में रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने डीजी से पूछा है कि क्या आयुष्मान भारत कार्ड की अधिकतम सीमा केवल 5 लाख है, वर्तमान में कर्मचारियों व पेंशनर्स को बिना किसी सीमा के मेडिकल रीइंबर्समेंट की सुविधा प्राप्त है, तो फिर सीमित सुविधा वाले कार्ड की आवश्यकता क्यों, सभी कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को ऐप पर पंजीकरण करवाने के पीछे उद्देश्य क्या है। कई इलाज इसके तहत शामिल नहीं होते, जैसे आंखों का ऑपरेशन आदि, तो ऐसी स्थिति में इस योजना का क्या लाभ होगा। हरियाणा सरकार के कोष एवं लेखा विभाग द्वारा जारी नए आदेशों पर रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला फतेहाबाद ने कड़ा विरोध जताया है। आयुष्मान भारत कार्ड 70 साल आयु में बन सकते हैं, लेकिन अधिकांश कर्मचारी और पेंशनरों की आयु 70 से कम है। इस स्थिति में क्या होगा। आयुष्मान भारत कार्ड में इलाज की अधिकतम सीमा क्रास करने के बाद खर्च होने वाली राशि का भुगतान कौन करेगा। उन्होंने बताया कि अगर सरकार ने संघ के पत्र को गंभीरता से नहीं लिया तो रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा आंदोलन करने पर मजबूर होगा।

# वास्तविक ग्राहकों की आवश्यकताओं को समझना अत्यंत आवश्यक : कालरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी




हांसी। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण एवं प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस (एचएसबी) में चल रहे नवाचार एवं उद्यमिता पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) के दूसरे दिन व्हाइट रॉक कंसल्टारे के फाउंडर एवं सीईओ सौरभ कालरा द्वारा एक अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक सत्र आयोजित किया गया। यह फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, शिक्षा मंत्रालय के नवाचार प्रकोष्ठ (एमआईसी) और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य शिक्षकों को नवाचार एवं उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और उपकरणों से सशक्त करना है।

प्रख्यात स्टार्टअप मेंटर एवं नवाचार रणनीतिकार सौरभ कालरा ने 'ग्राहक खोज, मूल्य प्रस्ताव और लीन स्टार्टअप दृष्टिकोण' विषय पर चर्चा की। उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि अधिकांश स्टार्टअप इसलिए असफल होते हैं क्योंकि वे उन समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करते हैं जो वास्तव में ग्राहकों के लिए समस्याएं नहीं होतीं। इसलिए, उत्पाद विकास में समय और संसाधन लगाने से पहले, वास्तविक ग्राहकों की आवश्यकताओं को समझना अत्यंत आवश्यक है।

### बाइक में टक्कर मारकर कई फुट तक घसीटने का आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाकर एक युवक को जानबूझकर टक्कर मारने के मामले में थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान करण राज गिल पुत्र जगजीत सिंह निवासी कारियां के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने रमेश कुमार पुत्र श्याम चंद निवासी कारियां की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार 16 फरवरी की शाम करीब 6:30 बजे वह अपने पड़ोसी की मोटरसाइकिल लेकर गांव नुरकी से घर लौट रहा था। जैसे ही उसने उस वाहन को पार किया, चालक ने अचानक तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दी।

### अवैध पिस्तौल और 4 कारतूस समेत एक काबू



हांसी। अवैध पिस्तौल के साथ पकड़ा गया आरोपी सोमबीर पुलिस गिरफ्त में निवासी। फोटो : हरिभूमि

**हांसी।** बास पुलिस ने मंगलवार देर रात को गश्त के दौरान एक युवक को एक अवैध पिस्तोल और चार जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान बास बादशाहपुर सोमबीर के रूप में हुई है। थाना बास के हेड कॉन्स्टेबल प्रदीप ने बताया कि वह मंगलवार शाम पुलिस टीम के साथ गश्त पर निकले थे। और जैसे ही भकलाना रोड रजवाहा के पास पहुंचे, उन्हें सूचना मिली कि एक युवक अवैध हथियार लेकर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए मौके पर पहुंच बताए गए हुलिए के आधार पर एक युवक को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसकी लोवर की जेब से एक अवैध पिस्तौल व मैग्जीन और उसमें चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। जब उससे हथियार का लाइसेंस मांगा गया तो वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। बास थाना पुलिस ने पिस्तोल, मैग्जीन और कारतूस को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### बैठक का संचालन भरत सिंह पूनिया ने किया

# सेवानिवृत कर्मचारियों ने बैठक करके सरकार पर लगाया मांगों की अनदेखी करने का आरोप

■ हरियाणा के पेंशनर अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्षरत है, लेकिन सरकार उनकी लगातार अनदेखी कर रही है : राजपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार । सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ की बैठक में उपस्थित रिटायर्ड कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

सेवानिवृत कर्मचारियों की लंबित मांगों व समस्याओं के हल के लिए अहम बैठक क्रांतिमान पार्क में महेंद्र सिंह स्याहड़वा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन भरत सिंह पूनिया ने किया। रिटायर्ड कर्मचारी ज्वाइंट एक्शन कमेटी के मंडल संयोजक राजपाल नैन ने बताया कि उन्होंने कहा कि हरियाणा के पेंशनर अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्षरत है, लेकिन सरकार उनकी लगातार अनदेखी कर रही है। बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि आगामी 19 अगस्त को क्रांतिमान पार्क में एक मीटिंग बुलाई जाएगी, जिसमें सरकार के खिलाफ आगामी आंदोलन की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शर्तों के साथ इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड व कैशलैस स्कीम के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में रिटायर्ड जीएम उदयवीर सिंह दुहन, एमएल सहगल, बलबीर देशवाल, राजेंद्र सिंह, राजपाल नैन, सुखवीर, भरत सिंह पूनिया, बलबीर सिंह, रामरूप शर्मा, प्रताप सिंह, रणसिंह श्योराण, चतर सिंह, कृष्ण कुमार, रामकुमार पाबड़ा आदि भी मौजूद रहे।

# हांसी में हाइवे पर काटी जा रही गोकुल धाम कॉलोनी को किया अवैध घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

दिल्ली रोड पर होटल रॉयल विंग्स के सामने स्थित करीब 28 एकड़ राजस्व भूमि पर कुछ लोगों द्वारा गोकुल धाम नाम से कॉलोनी काटने और प्लॉट बेचने की जानकारी जिला योजनाकार विभाग कार्यालय के संज्ञान में आई है। इसके लिए एक ले-आउट प्लान भी तैयार कर आम लोगों में वितरित किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए जिला नगर योजनाकार दिनेश कुमार ने बताया कि इस भूमि पर गोकुल धाम कॉलोनी विकसित करने के लिए शहरी क्षेत्र अधिनियम 1975 की धारा 3 के तहत निदेशक नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा चंडीगढ़ से कोई लाइसेंस प्राप्त नहीं किया गया है। इसलिए यह कॉलोनी पूरी तरह अवैध है। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी है और भविष्य में भी जारी रहेगी। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए नगर योजनाकार दिनेश कुमार ने कहा कि प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में आकर ऐसी अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें, न ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य करें। प्लॉट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता की जांच अवश्य करें। उन्होंने बताया कि कोई भी कॉलोनी तभी विकसित की जानी चाहिए जब उसके लिए निदेशक नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा से लाइसेंस लिया गया हो, ताकि भविष्य में खरीदारों को किसी प्रकार की समस्या न हो।

**सूचना**

मैं रघबीर( 287686044126) पुत्र उजाला राम निवासी हसनगढ़ तहसील बरवाला जिला हिसार बयान करता हूं कि मैं अपने पुत्र मोनू व पुत्रवधू नीलम जो मेरे कहने सुनने से बाहर हैं उनको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में जो कोई उनसे लेनदेन करेगा तो स्वयं जिम्मेदार होगा।

**बेदखली सूचना**

मैं, धर्मपाल पुत्र श्री सुरजा राम निवासी गांव आर्यनगर तह0 व जिला हिसार बयान करता हूँ कि मेरा पुत्र परेवेश व पुत्रवधू ज्योति दोनों मेरे कहने सुनने से बाहर हैं और गलत संगत में पड़ गए हैं। मैं अपने पुत्र व पुत्रवधू को अपनी चल–अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इनके साथ किसी प्रकार का लेन–देन या व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा, मेरी या मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। शपथकार

## एक लोटे जल चढ़ाने से ही प्रसन्न हो जाते हैं भगवान शिव : बजरंग गर्ग

# बम-बम भोले व हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंजा शिवालय

शिवालय मंदिर में देर रात तक भजन-कीर्तन व विशाल भंडारा चलता रहा और प्रातः से ही शिवालय में भक्तों द्वारा कावड़ व जलाभिषेक करने वालों की भारी भीड़ उमड़ गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

प्रयाग गिरी शिवालय मंदिर में सावन शिवरात्रि पर भक्तों ने भारी संख्या में कावड़ व जलाभिषेक शिवालय मंदिर में चढ़ाया और शिवालय मंदिर बम-बम भोले व हर-हर महादेव से गूंज उठा। शिवालय मंदिर ट्रस्ट व शिक्षण संस्थान के प्रधान बजरंग गर्ग ने रुद्राभिषेक किया व आए हुए भक्तों का स्वागत किया। शिवालय मंदिर में देर रात तक भजन-कीर्तन व विशाल भंडारा चलता रहा और प्रातः से ही शिवालय में भक्तों द्वारा कावड़ व जलाभिषेक करने वालों की भारी भीड़ उमड़ गई। सुबह के समय 7 बजे से ही चाय, पकौड़े, गुलाब जामुन, जलेबी, हलवा, पाव भाजी, फल-फ्रूट का प्रसाद चलता रहा और कलाकारों द्वारा भगवान शिव भोले जी व माता पार्वती जी की सुंदर-सुंदर झांकियां दिखाई गई। भारी संख्या में भक्त कावड़ लेकर शिवालय मंदिर में परिवार सहित गाजे-बाजे के साथ नाचते-गाते हुए पहुंचे।

बजरंग गर्ग ने कहा कि भोले बाबा पर चढ़ाया गया एक लोटा जल हर समस्या का हल माना जाता है। भगवान श्री भोले जी एक लोटे जल से ही प्रसन्न हो जाते हैं। इस अवसर पर नारायण दास बंसल, कैलाश चौधरी, ओम प्रकाश असीजा, सुरेंद्र सिंगला, जगत नारायण, रमेश लोहिया, प्रवीण जैन, सत्येंद्र गोयल, सत्यपाल असीजा, रमेश पटवारी, जगदीश प्रधान, पवन गर्ग, डॉ अशोक कुमार, मनीष कुमार, रितेश कुमार, राजकुमार बजाज आदि मौजूद थे।


हिसार। भंडारा वितरित करते शिवालय मंदिर ट्रस्ट के प्रधान बजरंग गर्ग।


हिसार। बाबा बालकनाथ मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु।


हिसार। दिव्य देव स्थानम मंदिर, सरसौद में पूजा करते श्रद्धालु।


हिसार। भडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। फोटो :हरिभूमि

### शिवरात्रि पर दूध की ठंडाई वितरित की

हिसार। खजांचियान बाजार स्थित श्री राधा कृष्ण बड़ा मंदिर में श्रावण शिवरात्रि के उपलक्ष्य में दूध की ठंडाई वितरित की गई। यह दूध ठंडाई व्रत के लिए स्पेशल तैयारी की गई थी। मंदिर में स्थापित शिव परिवार पर शिव रात्रि के दिन श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया व शिवलिंग की दूध, बिल्व पत्र, पुष्प आदि से उनकी पूजा अर्चना की। मंदिर के महंत राहुल शर्मा ने बताया कि मंदिर द्वारा हर अमावस्या पर भंडारा लगाया जाता है तथा प्रतिदिन मंदिर में सायंकाल को बांके बिहारी व राधा रानी के भजनों का संकीर्तन होता है।

### बाबा बालकनाथ मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

हिसार। तरसेम नगर स्थित बाबा बालकनाथ मंदिर में शिवरात्रि पर्व मनाया गया। शिवरात्रि पर मंदिर को पूरी तरह से सजाया हुआ था। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु शिवलिंग पर जलाभिषेक करने पहुंचने शुरू हो गए थे। मंदिर के मुख्य सेवक रामचरण गुप्ता ने बताया कि सावन के महीने में शिवभक्ति की लहर पूरी तरह उमड़ पड़ती है। उन्होंने बताया कि सुबह पांच बजे से ही श्रद्धालु मंदिर पहुंचने शुरू हो गए थे। श्रद्धालु बेलपत्र, धतूरा, गंगाजल, भस्म और दूध लेकर हर-हर महादेव के जयकारों के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे थे। शिवलिंग पर जल, दूध, शहद, दही और घी से रुद्राभिषेक करते हुए श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना की।

### शहरों की भांति सरसौद गांव भी हुआ शिवमय

हिसार। दिव्य देव स्थानम, सरसौद में शिवरात्रि का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। मनोहर लाल ज्ञानी देवी जन कल्याण सोसायटी के संस्थापक सदस्यों और ग्रामीणों ने मिलकर इस महोत्सव को सफल बनाया। कार्यक्रम के दौरान 12 पार्थिव ज्योतिर्लिंग और 501 पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया गया एवं तथा पार्थिव महाकालेश्वर का विशेष श्रृंगार किया गया। शिवलिंगों की पूजा-अर्चना और जलाभिषेक के साथ रुद्राभिषेक किया गया। सोसायटी के प्रधान मदनलाल गोयल ने पार्थिव शिवलिंगों की महिमा के बारे में बताया। कार्यक्रम के समापन पर सांवक की खीर और फलों का प्रसाद वितरित किया गया।

### मां वैष्णो सेवा समिति का 14वां विशाल भंडारा

हिसार। मां वैष्णो सेवा समिति पटेल नगर की ओर से महाशिवरात्रि के अवसर पर पटेल नगर आठ मरला कालोनी में 14वें विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मेयर प्रवीण पोपली शामिल हुए। समिति के प्रधान हरीश छाबड़ा ने बताया कि भगवान शिव की पूजा अर्चना के उपरान्त समिति ने भंडारा शुरू किया गया। शिव भक्तों व अन्य लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अमित मेहता, अमित खनेजा, हितेश कालड़ा, अतुल सिंधवानी, श्याम सुंदर मधु, बसंत छाबड़ा, उत्तम सिंह, भव्य मेहता, सचिन सिंधवानी, संचित, प्रिंस छाबड़ा, नक्श, कुलभूषण एलावादी, गौरव बख्शी, राजू सिंधवानी, जितेंद्र खनेजा, दिव्यम, तुषार छाबड़ा मौजूद थे।


हिसार। कांवड़ लाने वाले श्रीश्याम बालाजी सेवादार मंडल टीम के सदस्यों को सम्मानित करते मंडल के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि


हिसार। ब्रह्म ज्ञान मंदिर में संत रामानंद व अन्य श्रद्धालु शिवालय पर जलाभिषेक करते हुए। फोटो :हरिभूमि


आदमपुर। गांव सीसवाल के प्राचीन शिवालय में शिवरात्रि पर उमड़ी भीड़।


आदमपुर। शांति निकेतन स्कूल में शिवरात्रि पर बनाए शिवलिंग को दिखाते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### कांवड़ लाने वाले कांवड़िये किए सम्मानित

हिसार। श्रीश्याम बालाजी सेवादार मंडल ने अपनी की टीम के उन सात सदस्यों को सम्मानित किया है, जो हरिद्वार से कावड़ लेकर आए हैं। इनमें राजीव नगर गली क्षेत्र के निवासी हैप्पी बालान, तुषार सैनी, डॉ. मोहित ठाकुर, सोनू सैनी, रितिक शर्मा, सुशील सैनी, नीरज सैनी शामिल हैं। मंडल के प्रधान सुरेन्द्र बालान ने बताया कि राजीव नगर के मंदिर में शिव भक्तों ने आज प्रातः कांवड़ चढ़ाई। इस अवसर पर मंडल के संरक्षक प्रवीण अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य प्रवीण सहाराण, कोषाध्यक्ष अरुण सेठी, डॉ. संजय सैनी, पार्षद रवि सैनी, धर्मपाल सैनी बालान, ललित सैनी, विजय बालान, सुभाष सैनी, राजकुमार, यश सैनी, शम्मी सैनी, हैप्पी, सन्नी, कुश कुकरेजा, सुशील सैनी आदि मौजूद रहे।

### ब्रह्मज्ञान मंदिर में धूमधाम से मनाई शिवरात्रि

हिसार। शांति नगर स्थित परमहंस श्रीयोग दरबार ब्रह्म ज्ञान मंदिर में शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मंदिर में स्थापित शिवालय पर जलाभिषेक करके पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर सत्संग सभा का आयोजन किया गया जिसमें संत रामानंद ने नीलकंठ महादेव व शिवरात्रि से जुड़े कई प्रसंगों का जिक्र करते हुए कहा कि भगवान शिव को बारह महीनों में से सावन का महीना अति प्रिय है। आज के दिन भगवान शिव को जल, गंगाजल, दूध, शहद, दही, बिल्व पत्र, धतूरा, भांग आदि अर्पित किया जाता है। अन्य साध्वियों के साथ उपस्थित लोगों ने शिवलिंग का जलाभिषेक किया व आरती के उपरांत प्रसाद वितरित किया गया।

### सैकड़ों भक्तों ने हरिद्वार से लाकर चढ़ाई कावड़

आदमपुर। सीसवाल के शिव मंदिर में शिवरात्रि पर कार्यक्रम का शुभारंभ लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने भगवान शिव के जलाभिषेक कर कार्यक्रम की शुरुआत की। समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी अश्विन मिंडा ने की। इस मौके पर भजन कीर्तन व जागरण का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर जल चढ़ाया। गायकों ने सुंदर शब्दों में भगवान शिव एवं पार्वती का गुणगान करके सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। शिवरात्रि के मौके पर हरिद्वार से सैकड़ों कावड़ियों ने पैदल एवं डाक कावड़ लाकर चल चढ़ाया व पूजा अर्चना की।

### शिवरात्रि पर्व पर बच्चों ने बनाए शिवलिंग व त्रिशूल

आदमपुर। शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक सुंदर-सुंदर त्रिशूल, शिवलिंग की सजावट की तथा छोटी-छोटी शिव मूर्तियां बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर को भक्ति भाव से सुसज्जित किया गया था, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई सजावट ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर अनिरुद्ध बिश्नोई ने सभी को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं है। विद्यालय के चेयरमैन पपेंद्र ज्याणी ने बच्चों की रचनात्मकता की सराहना की। प्रिंसिपल राजेन्द्र ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता जताई।

### श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में मनाया शिवरात्रि त्यौहार

हिसार। मॉडल टाऊन स्थित श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में बुधवार को शिवरात्रि का त्यौहार अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रातः पांच बजे से ही जलाभिषेक के लिए मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया, जो दिन भर जारी रहा। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल, दूध, शहद, घी, खांड, बेलपत्र, फल व मिठाई आदि चढ़ाकर रुद्राभिषेक किया। पीठ के वैदिक विद्वान पंडित आनंद वल्लभ सत्ती व पंडित विपिन चमौली ने विधि विधान से श्रद्धालुओं से पूजा करवाई और भोग का प्रसाद वितरित किया।

### बम बम भोले के जयकारों से गूंजा श्याम मंदिर परिसर

हिसार। शिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में बुधवार को श्री श्याम मंदिर सेक्टर 16-17 में भक्तों की भारी भीड़ रही। भक्तजनों ने सुबह से कतारों में लगकर भोलेनाथ का दुग्ध एवं जलाभिषेक किया, एवं फल, फूल , बेलपत्र अर्पित करके भोले शंकर से परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं सहित प्रधान दिनेश बिंदल, विनोद अग्रवाल,सुभाष बंसल, आशीष जैन, त्रिलोक बंसल, विनोद सिंगल व्यवस्था सेवा मे मौजूद रहे।

### मोक्ष वृद्धाश्रम में शिवरात्रि पर जनकल्याण के निमित किया हवन

हिसार। मोक्ष वृद्धाश्रम में शिवरात्रि पर जनकल्याण के निमित हवन किया गया। इस हवन में मोक्ष वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। प्रातः भगवान शिव की आराधना व पूजा के बाद हवन की शुरूआत की गई। हवन में आहुति डालते हुए जनकल्याण की कामना की गई। इसके साथ ही पूरा मोक्ष वृद्धाश्रम जय भोले शंकर के उदघोष से गूंज उठा। मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु ने बताया कि सावन माह में भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व है। इसलिए मोक्ष वृद्धाश्रम में बुजुर्ग हर रोज भगवान शिव की स्तुति करते हैं।

## खबर संक्षेप

### गली क्लासेस बच्चों का संस्था ने किया सहयोग

हिसार। शिव कॉलोनी स्थित 'गली क्लासेस' में पढ़ने वाले लगभग 50 बच्चों की पढ़ाई नियमित रूप से हो सके, इसके लिए 'संभव वेलफेयर संस्था' की तरफ से उन्हें विभिन्न विषयों की कॉपियां, आर्ट बुक्स, पैंसिल, रबर, शॉपनर, पेन आदि स्टेशनरी भेंट की गई। उल्लेखनीय है कि शिव कालोनी में चल रहे इस स्कूल मे नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं । यहां के बच्चों की विशेषता यह है कि वह सिखते भी है और आपस में एक दूसरे को सिखाते भी हैं।

### अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन

हिसार। अर्बन इस्टेट स्थित विश्वास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 'अलंकरण समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के डीन प्रोफेसर नीरज दिलबागी ने शिरकत की।

## आरडीएम सरस्वती स्कूल में मनाया शिवरात्रि पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना

आरडीएम सरस्वती पब्लिक स्कूल में कनिष्ठ वर्ग द्वारा शिवरात्रि का त्यौहार मनाया गया। इसमें छोटे-छोटे बच्चों द्वारा भगवान भोले नाथ व माता पार्वती को सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई व छोटे- छोटे बच्चों ने मिट्टी का शिवलिंग बना कर उसकी पूजा-अर्चना की व जल चढ़ाया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए गए। स्कूल निदेशक डॉ. केसी शर्मा व प्रधानाचार्या डॉ. शालू एस कटारिया ने बच्चों की खूब प्रशंसा की और इस त्योहार के महत्व को समझाते हुए कहा कि शिवरात्रि का पर्व हिन्दू धर्म में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन लोग व्रत रखते हैं व भगवान शिव की आराधना करते है।


उकलाना। शिवरात्रि पर्व झांकी प्रस्तुत करते बच्चे।

## केशव ने ऑल इंडिया ओपन स्पर्धा कराटे में जीता स्वर्ण


हिसार। प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर के साथ पदक विजेता केशव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

डीपीएस के कक्षा 7 के छात्र केशव ने हाल ही में आयोजित /"ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप 2025-26/" में स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय, माता-पिता एवं अपने राज्य का नाम रोशन किया है। हांसी की जय भारत धर्मशाला में आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों से कराटे खिलाड़ियों ने इसमें भाग लिया। केशव की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने शुभकामनाएँ दीं और कहा कि ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप जैसे राष्ट्रीय स्तर के मंच पर स्वर्ण पदक जीतना अनुशासन, परिश्रम और समर्पण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। विद्यालय डायरेक्टर निहाल सिंह ने कहा कि केशव की इस राष्ट्रीय उपलब्धि ने एक बार फिर सिद्ध किया है कि हमारा विद्यालय न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में बल्कि खेलों में भी प्रतिभाओं को निखारने का केंद्र है।

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चलाया पौधरोपण अभियान


हांसी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्कूल अध्यापकों व प्राचार्य राजेश के साथ पौधारोपण करती बहन बीके सुनीता दीदी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

विद्यार्थियों को अपने जीवन में खास लक्ष्य लेकर पढ़ाई करने के साथ-साथ अपने अंदर बहुमुखी प्रतिभा पैदा करने के लिए अनेक प्रकार की समाज सेवा से जुड़ी हुई गतिविधियों में भी रुचि के साथ जुड़ना चाहिए जैसे पेड़ लगाना, रक्तदान करना आदि। यह बातें ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा हांसी की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किए गए पौधारोपण कार्यक्रम के पहले ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका बीके सुनीता दीदी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहे। इस अवसर ब्रह्मा कुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बीके प्रोफेसर प्रमोद मालिक और बीके सोनिया बहन ने भी बच्चों को नैतिक मूल्यों और समाज के प्रति हमारे कर्तव्यों के ले लिए जागरूक किया। इसके बाद स्कूल परिसर में अनेक प्रकार के फल, फूल और छायादार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्राचार्य राजेश भड़ाना ने ब्रह्माकुमारी सुनीता बहन को स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए आभार व्यक्त किया।

शिवरात्रि के पर्व के महत्व को समझा

## बच्चों को अपनी संस्कृति से जुड़ने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना

लोटस इंटरनेशनल स्कूल में शिवरात्रि का पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। स्कूल प्रिंसिपल आरती कुनर ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने हनुमत समाज मंदिर में जाकर शिवरात्रि के पर्व के बारे में जानकारी एकत्रित की और विद्वानों की उपस्थिति में विधिवत रूप से शिवरात्रि के पर्व के महत्व को समझा।

इस अवसर पर बच्चों के कक्षा प्रभारी उनके साथ रहे और शिवलिंग पर जल अर्पित किया। बच्चों ने मंदिर प्रांगण में ही शुभ स्वास्तिक और ओम की कलाकृति बनाने के लिए अपनी श्रृंखला भी बनाई। स्कूल चेयरमैन महेंद्र कुनर और प्रिंसिपल आरती कुनर ने बच्चों को अपनी संस्कृति से जुड़े रहने के लिए भी प्रेरित किया।


उकलाना। ओम की आकृति बनाकर खड़े बच्चे।

### भगवान शिव और देवी पार्वती की वेशभूषा में झांकियां प्रस्तुत की

## रॉयल स्कूल में शिवरात्रि पर बच्चों ने दी भव्य प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा खेड़ी में शिवरात्रि के पावन अवसर पर एक भव्य और रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के बच्चों ने भगवान शिव और देवी पार्वती की वेशभूषा में सज-धज कर भव्य झांकियां प्रस्तुत की। कक्षा पांचवी की छात्रा दीक्षिता ने शिव स्तोत्रम् का भावपूर्ण पाठ किया। कक्षा तीसरी की छात्राओं मानवी, हर्षिका और अनाया द्वारा सुंदर कविता पाठ किया गया। विद्यार्थियों ने भजन, गीत, नृत्य आदि की अद्भुत प्रस्तुतियां दी । कक्षा दूसरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुति दी गई। छात्राओं ने अपने भाषण में शिवरात्रि के महत्व और भारतीय संस्कृति में इसके स्थान पर प्रकाश डाला। कक्षा नौवीं की छात्राओं दीपिका और दिव्यांशी द्वारा कार्यक्रम का मंच संचालन बहुत ही रोचक ढंग से किया गया।

स्कूल निदेशक डॉ. युद्धवीर सिंह ने कहा कि शिवरात्रि का त्योहार हमारी भावनाओं, सोच, प्रेम और संस्कृति की मजबूती का प्रतीक है। इस मौके पर स्कूल निदेशिका डॉ. ज्योत्स्ना, स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य, सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डीवी नेहरा (रिटायर्ड), उप प्रधानाचार्या प्रगति सिंह, सीनियर कोऑर्डिनेटर पूनम बिश्नोई, वर्षा व अन्य सभी अध्यापकगण उपस्थित रहे।



हिसार। शिवरात्रि पर भव्य प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि